**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 26.09.2025 समय : 1905

**<><><><><><><><>**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्रदान किए।
- द्वीपसमूह में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान शुरू हुआ।
- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक बहु–विशिष्ट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- खराब मौसम के कारण नॉर्थ बे रोड मैराथन फोर पॉइन्ट जीरों और साइक्लिंग चैम्पियनशिप स्थगित हुई।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार–2024 प्रदान किए। यह पुरस्कार भूविज्ञान के क्षेत्र में देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हैं। विजेताओं को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ये पुरस्कार भूविज्ञान के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, नवाचार और उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भू–पर्यावरणीय स्थिरता पर खनन के प्रभाव पर भी उन्हें ध्यान देने की आवश्यकता है।

<><><><><><><>

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अब लोग जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते हैं, जो इस महीने की 22 तारीख से लागू हो चुके हैं। नए ढांचे के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत की पूर्व की चार–स्तरीय संरचना को सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना बना दी है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर घटने से नागरिकों को काफी राहत मिली है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में कल से दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम तीन महीने तक चलेगा और 25 दिसंबर 2025 को समाप्त होगा। इस सिलसिले में मिडिल पॉइंट के भाजपा कार्यालय में आज सुबह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के समन्वयक के. राम दास ने द्वीप में अगले तीन महीनों के दौरान आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत

<><><><><><><>

शिक्षा एवं खेल निदेशालय के अंतर्गत कल आयोजित होने वाली "नॉर्थ बे रोड मैराथन फोर पॉइन्ट ज़ीरो", को खराब मौसम के कारण स्थगित कर दिया गया है। मैराथन की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

इस बीच राज्य स्तरीय ट्रैक एवं रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप, जो कल और अटठाईस सितम्बर को आयोजित होने वाली थी, खराब मौसम के कारण स्थगित कर दी गई है। नई तिथियों की सूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी। राज्य ओलंपिक संघ ने बताया कि जो साइक्लिस्ट अब तक पंजीकरण नहीं करा पाए हैं, वे अपने प्रविष्टि पत्र किसी भी कार्य दिवस में नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज सचिवालय के सभागार में हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर राजभाषा विभाग के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ई पी जाकिरूद्दीन ने हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी एस मोहनदास ने राजभाषा नीति–नियम और कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों पर व्याख्यान दिया। कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी अजय सिंह ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार करने की सरल प्रक्रिया तथा भारत सरकार द्वारा तैयार की गई कंठस्थ दो दशमलव शून्य औरं भाषिणी एप पर जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला में प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा में एक बहु–विशिष्ट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद बिष्णु पद रे ने किया। अपने संबोधन में सांसद ने अनीमिया से निपटने के महत्व पर जोर दिया और बच्चों को अनीमिया की जांच कराने और आयरन से भरपूर पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने महिलाओं से अनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मुह के कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए स्क्रीनिंग गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने का भी आग्रह किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम. जॉय ने इस अभियान के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वस्थ व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया गया। इस शिविर से कुल नब्बे लाभार्थियों ने कार्यक्रम के तहत सेवाओं का लाभ उठाया।

<><><><><><>

बिजली से संबंधित मरम्मत कार्य किये जाने के कारण कल सुबह छ बजे से दस बजे तक कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में गाराचरामा, ब्रिजगंज, ऑस्टिनाबाद, कार्बइनस्कोव, चक्करगांव और चिड़ियाटापू तक के क्षेत्र शामिल है।

इस बीच छौलदारी उप–मंडल के अंतर्गत बिजली से संबंधित रखरखाव कार्य किए जाने के कारण कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक की जाएगी। यह कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर होगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला मेजिस्ट्रेट कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार लगातार भारी वर्षा के कारण विकास भवन की मुख्य सड़क पर दरारें आने और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए इस सड़क पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। आवश्यक मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद ही मार्ग को पुनः खोला जाएगा।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में आज भारी वर्षा हुई। आज शाम साढ़े पांच बजे तक लॉन्ग आइलैण्ड में सत्तावन मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में तीस, मायाबन्दर में अठारह, हटबे और वायुसेना केन्द्र कार निकोबार में पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉड की गई। अगले चार दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी। मछुआरों को सलाह दी जाती है कि तीस सितम्बर तक समुद्र में न जाए।

<><><><><><>